# छत्तीसगढ़ राज्य

# के

# जल संसाधन विभाग की

# कार्य प्रणाली का

# वार्षिक समीक्षा प्रतिवेदन

# वर्ष **20**18-19

कार्यालय महालेखाकार **(**लेखा एवं हक़दारी**)**

छत्तीसगढ़, रायपुर

प्राक्कथन

जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन का एक महत्वपूर्ण विभाग है। राज्य के वित्तीय-प्रबंधन के लिए जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता/आहरण एवं संवितरण अधिकारी उत्तरदायी है एवं जल संसाधन विभाग के राजस्व की प्राप्ति व भुगतान पर नियंत्रण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्तरदायित्व का सही रूप से निर्वहन हो, इसके लिए शासन ने संहिताएँ, नियमावलियाँ तथा प्रक्रियाएँ निर्धारित की हैं। कार्यप्रणाली को और सुगम/उत्कृष्ट बनाने हेतु समय-समय पर आदेश भी जारी किए जाते हैं। महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा प्रति वर्ष की भांति जल संसाधन विभाग के कार्यप्रणाली, नियम एवं प्रक्रियाओं के पालन में पाई जाने वाली त्रुटियों/कमियों को राज्य शासन के ध्यान में लाने हेतु वर्ष 2018-19 का वार्षिक समीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है ।

वर्ष 2018-19 का वार्षिक समीक्षा प्रतिवेदन दो भागों में तैयार कर प्रस्तुत किया गया है। भाग- एक में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा प्रेषित मासिक लेखाओं की जांच के दौरान पाई गई कमियों/त्रुटियों/अनियमितताओं को दर्शाया गया है एवं भाग- दो में जल संसाधन विभाग कार्यालयों की लेखा-परीक्षा के दौरान उनकी कार्य प्रणाली से संबंधित परिलक्षित हुई विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं को दर्शाया गया है। जल संसाधन विभाग की कार्यप्रणाली में नियमों/प्रक्रियाओं आदि का अनुपालन करनें में, मासिक लेखा निर्धारित अवधि में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित कराने तथा अंक मिलान कार्य को नियमानुसार अंतराल में पूर्ण करते रहने की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि यह समीक्षा प्रतिवेदन अनियमितताओं को दूर करने एवं मासिक लेखा/अन्य जानकारियाँ समय पर प्रस्तुत करने में सहायक होगा । हम इस समीक्षा की अभिवृद्धि के लिए सुझावों/संस्तुतियों का स्वागत करते हैं।

स्थान– रायपुर हस्ता/-

दिनांक-

(राजीव कुमार)
महालेखाकार (लेखा एवं हक़दारी)
छत्तीसगढ़, रायपुर

## **समीक्षा का संक्षिप्त विवरण**

प्रस्तुत समीक्षा में छत्तीसगढ़ के 62 जल संसाधन संभाग सम्मिलित हैं, जो महालेखाकार (लेखा एवं हक़दारी) छत्तीसगढ़ को मासिक लेखा प्रेषित करते हैं । मासिक लेखाओं के संकलन के दौरान जो अशुद्धियां पाई गई हैं, उन्हें क्रमवार इस समीक्षा पुस्तक में विस्तार से दर्शाया गया है ।

समीक्षा में सम्मिलित कुछ अशुद्धियों/ आपत्तियों का सार निम्न है–

**1.** विविध लोक निर्माण अग्रिम मद में **31.03.1**9 की स्थिति में राशि ₹ **38.03** करोड़ समायोजन हेतु लंबित है, जिसकी संभागवार जानकारी **Annexure A** में दर्शाई गई है । इन अग्रिमों के समायोजन हेतु संभागों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। समायोजन हेतु त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है ।

**2.** सामग्री क्रय परिशोधन उचंत लेखे में **31.03.1**9 तक राशि ₹ 8.21 करोड़ लंबित है, जिसे सामग्री के सप्लायर्स को भुगतान किया जाना है । उक्त शीर्ष के अन्तर्गत लंबित राशि के भुगतान हेतु संभागों द्वारा ठोस कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है । (संभागवार सूची को Annexure B में दर्शाया गया है) ।

**3.** निर्माण लेखा प्रेषण शीर्ष में निबल राशि ₹ **103.21** करोड़ (जिसमें लोक निर्माण विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी विभाग भी शामिल है) समायोजन हेतु लंबित है। यह राशि मुख्यतः संभागों/कोषालयों द्वारा चालानों/धनादेशों के त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण असमायोजित रही है ।

# कार्यालय महालेखाकार(लेखा एवं हक़दारी ) छत्तीसगढ़, रायपुर

जल संसाधन विभाग की लेखा कार्यप्रणाली का समीक्षा प्रतिवेदन

वर्ष **2018-19**

प्रस्तावना

# जल संसाधन विभाग का संरचनात्मक विवरण

जल संसाधन विभाग के समस्त प्रशासकीय एवं तकनीकी कार्य का संचालन विभागाध्यक्ष प्रमुख अभियंता छत्तीसगढ़ के कार्यालय से होता है । वर्ष 2018-19 में मुख्यालय स्तर पर प्रशासकीय एवं जल संसाधन विभाग कार्यपालन अभियंता द्वारा मासिक लेखा महालेखाकार कार्यालय को प्रस्तुत किया जाता है ।

## सामान्य

**लेखा का कम्प्यूटरीकरण** :- कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक़दारी) छत्तीसगढ़, रायपुर को लोक निर्माण संभागों द्वारा संकलित प्रारूप (मेनुअल) में लेखा प्रस्तुत किया जाता है। प्रत्येक माह लोक निर्माण लेखा संभागों द्वारा प्रेषित संकलित लेखाओं को इस कार्यालय की कम्प्यूटर प्रणाली व्ही. एल. सी. में मेनुअल दर्ज़ किया जाता है । लोक निर्माण संभागों के लेखों को मेनुअल संधारण किए जाने के कारण अनावश्यक समय प्रयुक्त होता है, जबकि अन्य विभागों के लेखे इस कार्यालय में एन. आई. सी. द्वारा विकसित प्रक्रिया के अनुसार समस्त कोषालयों से फरवरी **2010** से डिजिटल डाटा के रूप में प्राप्त हो रहे हैं। डिजिटल डाटा के द्वारा लेखों को अंतिम रूप देना एवं वित्तीय आंकड़े प्राप्त करना सुगम है।

**अनुशंसा**:- छत्तीसगढ़ शासन के अन्य विभागों की तरह जल संसाधन विभाग के लेखांकन कार्य को कम्प्यूटरीकृत किया जावे, जिससे लेखाओं को त्वरित उत्पादित किया जाना सुगम होगा ।

## भाग – एक (लेखा)

महालेखाकार (लेखा एवं हक़दारी) कार्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग के संभागों का लेखा एवं कार्यचालन से संबन्धित वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक समीक्षा की गई । इस समीक्षा में संभागों द्वारा भेजे गए मासिक लेखे की कमियों, विविध लोक निर्माण अग्रिमों का असमायोजित रहना, निर्धारित प्रपत्रों में वांछित जानकारी नहीं भेजा जाना,

नियमानुसार मासिक लेखा संवरण नहीं किया जाना एवं प्रत्येक माह की दस तारीख की निर्धारित तिथि तक मासिक लेखा प्रेषित नहीं किया जाना इत्यादि के संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित किया जाता है ।

(1) **प्राप्त आवंटन के अंतर्गत बचत** :- जल संसाधन विभाग को मुख्यतः मांग संख्या **23** के अंतर्गत बजट प्रावधान उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही, कुछ योजनाओं में मांग संख्या **40**, 45, एवं 75 के अंतर्गत बजट प्रावधान उपलब्ध कराये जाते हैं । वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक की अवधि में मांग संख्या **23** के अंतर्गत बजट प्रावधान का सम्पूर्ण उपयोग नहीं किया गया, फलतः बचत की प्रवृत्ति प्रत्येक वर्ष दृष्टिगोचर हो रही है**:-**

(राशि लाख में)

| वर्ष | बजट प्रावधान | व्यय | बचत | बचत का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 2016-17 | **66957.55** | **65852.57** | **1104.98** | **01.65** |
| 2017-18 | **132124.99** | **131941.62** | **183.57** | **0.14** |
| 2018-19 | **107730.45** | **82570.76** | **25159.69** | **30.47** |

(2) **प्राप्त आवंटन से अधिक व्यय** :- विनियोग विधेयक के अनुसार बजट प्रावधान स्वीकृत होने के पश्चात प्रमुख अभियंता अपने अधीनस्थ मुख्य अभियंताओं को तथा मुख्य अभियंता अपने अधीनस्थ संभागों को बजट प्रावधान सूचित करता है, जिसके अनुसार संभागों द्वारा विभिन्न मदों में व्यय किया जाता है । इसके अतिरिक्त कतिपय योजनाओं में मूल बजट प्रावधान कम होने की स्थिति में पुनर्विनियोजन द्वारा निधियों का आवर्धन किया जाता है। विनियोग लेखा के अनुसार वर्ष 2018-19 में निम्नलिखित योजनाओं में व्यय स्वीकृत आवंटन से अधिक था, जिसकी पूर्ति अनुपूरक बजट अथवा पूर्ण रूप से पुनर्विनियोजन द्वारा नहीं की गयी। साथ ही इनमें कुछ योजनाएँ ऐसी भी हैं, जिसमें से बजट प्रावधान को अन्य योजनाओं में पुनर्विनियोजन द्वारा स्थानांतरित किया गया, जो कि आपत्तिजनक है एवं कमजोर बजट नियंत्रण को प्रदर्शित करता है।

*(राशि लाख में)*

| **वर्ष** | **मांग सं.** | **मुख्य शीर्ष** | **योजना क्रं/नाम** | **निवल बजट(मूल बजट+अनुपूरक बजट(+/)पुनर्विनियोजन)** | **व्यय** | **आधिक्य** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2018-19** | 23 | 2700 | 02-101-2894(बैराज एवं नहर) | 2454.19 (2468.42-14.23) | 2583.64 | 129.45 |
| | | | 07-101-2894(बैराज एवं नहर) | 200.71 (219.99-19.28) | 304.80 | 104.09 |

*(बजट में अधिक व्यय दोषपूर्ण बजट नियंत्रण प्रणाली को प्रदर्शित करता है, जिसमें सुधार आवश्यक है ।)*

(3) **विविध लोक निर्माण अग्रिम मद में असमायोजित राशि ₹ 38.03 करोड़**:-

केन्द्रीय लोक निर्माण कार्य लेखा संहिता कंडिका **13.4.1** के अनुसार विविध लोक निर्माण अग्रिम के अंतर्गत ठेकेदारों को उधार बिक्री, जमा कार्य हेतु प्राप्त राशि से अधिक व्यय, नगद की हानि, शासकीय सेवकों से वसूली योग्य राशि एवं ऐसे व्यय, जो किसी मद में वर्गीकृत नहीं किये जा सकते, सम्मिलित होते हैं । इनकी वसूली संभाग द्वारा किया जाना है। वर्ष 2018-19 के **31.03.1**9 तक विविध लोक निर्माण अग्रिम मद में संभागों के अंतर्गत ₹ **38.03** करोड़ समायोजन हेतु लंबित है जिनमे विशेषकर E/M-L/M ट्यूबवेल संभाग बिलासपुर एवं रायपुर दोनों, E/M ट्यूबवेल दुर्ग, मुंगेली, रायगढ़, जशपुरनगर, W/M संभाग रायपुर, बेमेतरा, कांकेर, दंतेवाड़ा, बैकुंठपुर, कोटा बिलासपुर, E/M

HEM रुद्री, माचाडोली कोरबा, जांजगीर-चाँपा, डिसनेट तिल्दा, प्रोजेक्ट संभाग बालोद, कंस्ट्रकशन संभाग कसडोल, कवर्धा, रायगढ़, सक्ति, खरसिया, धरमजयगढ़ रायगढ़, मरवाही बिलासपुर, बैराज संभाग, डोंगरगाँव संभाग के वर्ष **2017-1**8 की लंबित राशियाँ वर्ष **201**8-**1**9 में भी अपरिवर्तित/यथावत है।

राशियों की वसूली वर्ष **201**8-**1**9 में नहीं की गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि संभाग द्वारा वसूली की कार्यवाही पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है। (संभागों की सूची Annexure-A में दर्शायी गयी है)। अतः संभागों को उक्त अग्रिमों के समायोजन की कार्यवाही हेतु समुचित निर्देश जारी कर समायोजन की कार्यवाही सुनिश्चित किया जावे ।

(4) **<u>सामग्री क्रय परिशोधन उचंत लेखा</u>:-**

सामग्री क्रय उचंत लेखे हेतु शासकीय लेखे में पृथक लेखा शीर्ष **8658-129** का प्रावधान किया गया है। इस लेखा शीर्ष में संभागों द्वारा क्रय अथवा अंतर-संभागीय अंतरण द्वारा प्राप्त की गयी सामग्री, जिसका भुगतान क्रय किए गए माह में नहीं किया गया है, से संबंधित संव्यवहारों को दर्ज़ किया जाता है। इस बाबत संभागों के लेखों के साथ प्रपत्र**-69** संलग्न किया जाना चाहिए, जिसमें संभागों में लंबित भुगतान की जानकारी को दर्शाया जाना चाहिए ।

प्रायः कई वर्षों से सामाग्री क्रय परिशोधन उचंत लेखा में संभागों द्वारा कोई प्रविष्टि नहीं की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष तीन संभाग "EE WRD Kanker, EE TDPP Jagdalpur एवं EE HEM Rudri द्वारा वर्ष 2018-19 में राशि दर्ज की गयी है। संभागों द्वारा इनका समाशोधन लंबित राशियों का भुगतान कर किया जाना है एवं नियमानुसार ऐसी राशियाँ जिन पर तीन पूर्ण वर्षों से अधिक समय तक दावा न किया गया हो, उन राशियों को राजस्व में क्रेडिट कर समाशोधित करना है । वर्ष 2018-19 के दौरान संभागों द्वारा उपरोक्तानुसार समाशोधन के संबंध में कोई कार्यवाही नही की गयी है, जो संतोषप्रद नहीं है ।

वर्ष 2018-19 के **31.03.1**9 तक संभागों द्वारा प्रेषित जानकारी के अनुसार ₹ **8.21** करोड़ इस लेखा शीर्ष के अंतर्गत लंबित है, जिसकी संभागवार जानकारी Annexure-B में दर्शायी गयी है । कृपया इस मद में लंबित राशि के समायोजन हेतु समस्त संभागों को उचित निर्देश जारी किया जावे ।

(5) **<u>प्राप्ति एवं व्यय आंकड़ों के पुनर्मिलान</u>:-**

लोक निर्माण संभागों के बजट नियंत्रण अधिकारी प्रमुख अभियंता हैं । लेखांकन प्रक्रिया में पुनर्मिलान एक महत्वपूर्ण कार्य है । प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों के पुनर्मिलान हेतु इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह दर्ज की जा रही आय एवं व्यय के आंकड़ों की सी. डी. प्रमुख अभियंता को प्रेषित किया जाता है । पुनर्मिलान उपरांत प्रमुख अभियंता से मिलान प्रमाण पत्र मय राशि महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया जाना चाहिए, किन्तु बार-बार स्मरण पत्र प्रेषित करने के बाद भी प्रमुख अभियंता द्वारा मिलान प्रमाण-पत्र (राशि-सहित) वर्ष 2018-19 के दौरान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), छत्तीसगढ़ को प्रेषित नहीं किया गया। पुनर्मिलान न होने की स्थिति में गलत वर्गीकरण, बिना बजट के व्यय आदि का पता नहीं चलता, अतः प्रमुख अभियंता को प्राप्ति एवं व्यय आंकड़ों के पुनर्मिलान जैसे महत्वपूर्ण कार्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं मिलान प्रमाण-पत्र (व्यय राशि जिसका मिलान किया गया) सहित महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), छत्तीसगढ़ को नियमित रूप से प्रेषित करना चाहिए।

(**6**) **<u>मासिक लेखा विलंब से प्राप्त होना</u>:-**

केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा संहिता की पैरा **22.4.15** के अनुसार संभागों से मासिक लेखा इस कार्यालय में प्रतिमाह **10** तारीख तक प्राप्त हो जाना चाहिए । संभागों से लेखा विलंब से प्राप्त होने के कारण राज्य शासन के लेखा संकलन में विलंब होता है । इस संदर्भ में उल्लेख है कि कुछ संभाग, उदाहरणार्थ कांकेर, रायपुर, कोंडागांव, अम्बिकापुर, जशपुर, बैकुंठपुर इत्यादि, द्वारा पाँच या उससे अधिक माहों में मासिक लेखा **01** से **17** दिनों तक विलंब से प्राप्त हुये, जिसकी जानकारी को Annexure-C में दर्शाया गया है । अतः लेखा नियत तिथि तक भेजने हेतु समस्त कार्यपालन अभियंताओं को निर्देशित करें ।

(7) **<u>मासिक लेखों में पाई गई कमियाँ/ त्रुटियाँ</u>:-**

प्रतिमाह मासिक लेखे प्रेषित करते समय केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा संहिता के पैरा **22.4.15** में दिये गये अनुसार विभिन्न फार्म लेखे के साथ संलग्न किया जाना चाहिए । संभाग द्वारा प्रेषित मासिक लेखों में निम्नलिखित कमियाँ बार-बार पाई जाती हैं, किन्तु इनके निराकरण हेतु संभाग द्वारा कोई रुचि नहीं ली जाती है**:-**

**(i)** कतिपय लेखों में पन्नों पर पृष्ठ क्रमांक अंकित नहीं रहता है ।

**(ii)** फार्म **83** में संलग्न किए गए विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी रहती है, किन्तु इन प्रपत्रों का पृष्ठ क्रमांक के साथ cross referencing नहीं किया जाता है, जिसके कारण लेखाओं की प्रारंभिक जांच करने में असुविधा एवं विलंब होता है।

**(iii)** लेखों के वर्गीकरण में त्रुटियाँ रहती हैं । मुख्यतः त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण प्रेषण शीर्ष के चालानों में किया जाता है । इन चालानों में संभागों द्वारा **8782-102** अंकित नहीं रहता है तथा डी. डी. ओ. कोड नहीं दर्शाया जाता है ।

**(iv)** फार्म **80** में कैश बैलेंस के पूर्व शेष/अंतशेष की जानकारी दर्शाई जाती है । कतिपय लेखों में पूर्व माह के अंतशेष एवं आगामी माह के प्रारंभिक शेष में अंतर रहता है, जिसके कारण लेखाओं के संकलन में विलंब होता है ।

**(v)** कतिपय लेखों के फार्म **80** में प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों में अंतर रहता है ।

**(vi)** फार्म **74**, जिसमें मुख्य शीर्ष/योजना शीर्षवार संकलन व्यय दर्शाया जाता है, के आंकड़ें फार्म **64** से मिलने चाहिए । कतिपय लेखा में इन दोनों प्रपत्रों के आकड़ों में अंतर रहता है ।

**(vii)** कतिपय लेखों के साथ प्राप्तियों का विवरण (Form-**46-**A) संलग्न नहीं किया जाता है ।

**(viii)** Form-80 में दर्शाया गया प्रेषण शीर्ष की राशियों के तिथिवार विवरण (प्रपत्र**-77**) संलग्न नही किया जाता है, जिसके कारण कोषालय से प्राप्त प्रेषण शीर्ष को सहायक पंजी से मिलान करने में असुविधा होती है ।

**(ix)** देयकों से काटी गयी कर की राशि विभिन्न संभागों द्वारा विविध जमा में बताई जाती है, जिससे यह पता नहीं चलता कि यह राशि किससे संबंधित है, अतः प्रपत्र **79** में कर की राशि को अलग-अलग जमा (Cr) एवं नामे (Dr) में दर्शाया जाना चाहिए ।

**(x)** प्रतिमाह कोषालयों से संभाग द्वारा Consolidated Treasury Receipt एवं Cheque Issue Certificate प्राप्त नहीं किया जाता। फलतः संभागों द्वारा कोषालय को किए गए प्रेषण का नियमित पुनर्मिलान संभाग द्वारा नहीं किए जाने के कारण प्रेषण की कई पुरानी राशियाँ असमायोजित पड़ीं हुई हैं एवं संभाग द्वारा नियमित रूप से फार्म**-51** का प्रेषण नहीं किया जाता है ।

**(xi)** Petty Payment के संबंध में वाउचर संलग्न नहीं किया जाता है, जबकि इसके अंतर्गत लेखे में कई बार काफी बड़ी राशि दर्ज़ की जाती है ।

**(xii)** लेखों में संभाग का पता, दूरभाष तथा फ़ैक्स क्रमांक नहीं दर्शाया जाता है।

उपरोक्त कमियों की पुनरावृति न हो इस हेतु समस्त संभागों को निर्देशित करें ।

(8) **फार्म-51- कोषालय के साथ मासिक समाशोधन लेखा:-**

संभाग द्वारा कोषालय को प्रेषित किए जा रहे चालान एवं जारी किए गए चेकों के निराकरण के संबंध में पुनर्मिलान, संभाग को कोषालय से CTR (Consolidated Treasury Receipt) एवं CIC (Cheque Issue Certificate) प्राप्त कर करना होता है एवं उसके आधार पर फ़ॉर्म-**51** तैयार कर केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा संहिता की पैरा **22.4.15** के अनुसार संभागों द्वारा प्रत्येक माह मासिक लेखे के साथ फार्म-**51** संलग्न कर भेजना चाहिए । लेखे के साथ फार्म-**51** संलग्न नहीं होने के कारण कितनी संख्या में धनादेश/चालान बैंक में प्रस्तुत किए गए, किन्तु कोषालय द्वारा **8782-102** के अंतर्गत वर्गीकृत नही किया गया, की जानकारी उपलब्ध नहीं होती है तथा प्रेषण शीर्ष के अंतर्गत संभागों द्वारा संकलित राशि के लंबित होने की संभावना रहती है । वर्ष 2018-19 में जिन संभागों द्वारा मासिक लेखा के साथ फार्म-**51** संलग्न नहीं किए गए, इन संभागों की जानकारी को Annexure-D में दर्शाया गया है।

संभाग द्वारा प्रेषित किए जा रहे फार्म-**51** में चालान एवं चेक की राशियाँ असमायोजित पड़ी हुई हैं, जिनमें से अधिकांश संभागों में राशियाँ पुराने समय से चली आ रही हैं, जिनके निराकरण हेतु संभाग द्वारा विशेष रुचि नहीं ली जाती है, जबकि निराकरण संभाग द्वारा ही किया जाना है । इसकी जानकारी क्रमश: **Annexure-E-I** एवं **E-II** में दी गयी है । जिन संभागों से फ़ॉर्म-**51** प्राप्त हुआ है, उनके अनुसार वर्ष 2018-19 के दौरान समाशोधित न हुयी राशियों का संक्षिप्त विवरण इसप्रकार हैं **:-**

| **चालान के संबंध में** | |
|---|---|
| असमायोजन के कारण | राशि |
| संभागों द्वारा चालान के माध्यम से प्रेषण की गयी राशि किन्तु राशि का संबंधित संभागों के अंतर्गत कोषालय में जमा नहीं होना। | ₹ **4,25,01,491** /- |
| कोषालयों द्वारा राशि का संभागों के विरुद्ध जमा बताना जबकि संभागों द्वारा इस राशि का प्रेषण न बताया जाना | ₹ **34,68,444** /- |

| **चेक के संबंध में** | |
|---|---|
| असमायोजन के कारण | |
| संभागों द्वारा जारी धनादेश किन्तु कोषालयों के अनुसार उनका भुगतान न होना। | ₹ **92,98,604** /- |
| कोषालयों द्वारा धनादेश का भुगतान होना जबकि संभागों के अनुसार उनके द्वारा इनका जारी नहीं किया जाना। | निरंक |

वर्ष के अंत में समान्यतः कोई अंतर न हो, इसके लिए कार्यपालन अभियंताओं को मासिक लेखे में प्रेषण शीर्षों में संकलित राशि का मिलान कोषालय के अभिलेखों से किया जाकर प्रतिमाह प्रपत्र **51** मासिक लेखों के साथ संलग्न किए जाने तथा **Annexure-E-I** एवं **E-II** में दर्शायी गयी राशियों के समायोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी किया जावे ।

(9) **<u>निर्माण लेखा प्रेषण शीर्ष में असमायोजित राशि ₹ 103.21 करोड़</u>:-**

केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा संहिता के पैरा **22.3.1** के अनुसार संभागों द्वारा मासिक लेखों में लेखा शीर्ष **8782-102** में नामे तथा जमा की गई राशियों के मिलान कोषालय/बैंक से किया जाना चाहिए । परंतु संभाग द्वारा मिलान-कार्य नहीं किए जाने के कारण वर्ष 2018-19 के **31.03.1**9 तक इस शीर्ष में समायोजन हेतु निबल राशि ₹ **103.21** करोड़ ( जिसमें लोक निर्माण विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी विभाग भी शामिल हैं) लंबित है ।

लंबित राशियों के निराकरण हेतु इस कार्यालय द्वारा संभागों से निरंतर पत्राचार किया गया, परंतु संभागों द्वारा इनके समाधान हेतु कोई भी प्रामाणिक कदम/कार्यवाही नहीं की गई । समीक्षा में पाया गया कि संभागों द्वारा चालानों पर सही प्रेषण शीर्ष **8782-102** अंकित न करने से तथा चालानों पर डी. डी. ओ. कोड अंकित न होने से, कोषालयों द्वारा त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण से अंतर की राशि में निरंतर वृद्धि हो रही है । इस कार्यालय द्वारा पूर्व में भी संभागों को चालानों की जांच कर त्रुटिपूर्ण शीर्ष अंकित पाये जाने पर संबंधित कोषालयों के माध्यम से सुधार मांग पत्र इस कार्यालय को प्रेषित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु इस दिशा में संबंधितों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, जिसे शासन के ध्यान में लाया जाता है।

(10) **<u>निर्माण कार्य व्यय प्रपत्र</u>**<u>-64</u>**:-**

केन्द्रीय लोक निर्माण लेखा संहिता के पैरा **22.4.6** के अनुसार संभागों द्वारा निर्माण कार्य पर किए गए व्यय की जानकारी को प्रपत्र**-64** में सम्मिलित कर मासिक लेखों के साथ भेजा जाना चाहिए । प्रायः देखा गया है कि अधिकांश संभाग इसे यथा रूप से प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं एवं संभागों द्वारा कई स्तंभों में जानकारी रिक्त छोड़ दी जाती हैं एवं प्रगामी व्यय में गत माह की प्रगामी व्यय की तुलना में विसंगति होती है। प्रपत्र में अपूर्ण प्रविष्टि के कारण कार्य विशेष आवंटन के विरुद्ध कितना व्यय किया गया एवं इसके वास्तविक आंकड़ें तथा कौन सा कार्य अपूर्ण है (Remarks Column No.10), दृष्टिगत नहीं होते । प्रपत्र**-64** में वांछित जानकारी की यथास्थिति नहीं होने के कारण प्रत्येक निर्माण कार्य / परियोजना पर कितना व्यय अधिक/कम हुआ, की समीक्षा नहीं हो पाती ।

निर्धारित प्रपत्र**-64** के समर्थन में कार्यों की अनुमानित लागत (Estimated Cost of Work), कार्य प्रारंभ करने का दिनांक (Year/Date of Commencement), कार्य समाप्ति का दिनांक (Year/Date of Completion), कार्य की भौतिक प्रगति (Physical Progress of Work), पुनरीक्षित लागत एवं पुनरीक्षण का दिनांक (Revised Cost and Date of Revision), मद क्रमांक (Budget Item No.), भुगतान हेतु बकाया राशि (Pending Payment) का कॉलम खोल कर प्रविष्टि करने हेतु सभी कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश जारी करें, ताकि राज्य वित्त लेखे में अपूर्ण कार्यों की जानकारी को सम्मिलित किया सके।

## भाग-दो (लेखापरीक्षा)

वर्ष 2018-19 में महालेखाकार (लेखापरीक्षा) द्वारा संभागों की लेखा-परीक्षा एवं स्थानीय स्तर पर देयकों के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं का विवरण Annexure-F (Statement-I से Statement-III तक) में दर्शाया गया है।

हस्ता/-

वरिष्ठ उप महालेखाकार (लेखा)

**Annexure-A**

**Outstanding Balance of Miscellaneous Public Work Advances as on 31.03.2019**

**Form 70**

(Refer to Para-3)

*(In Rs.)*

| Sl. no. | Div. | Name of Division | Balance of 2017-18 | Balance of 2018-19 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 059 | E.E. E/M L/M Tubewell Gate Bilaspur | 64558 | 63885 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 067 | E.E. Kharang W.R. Dn. Bilaspur | 2519915 | 2771525 |
| 3. | 068 | E.E. W.R. Dn. Pendra Road Bilaspur | 905546 | 905546 |
| 4. | 069 | E.E. W.R. Dn. Mungeli | 294922 | 294922 |
| 5. | 070 | E.E. W.R. Dn. Raigarh | 8274616 | 8268433 |
| 6. | 072 | E.E.W.R. Dn. JashpurNagar | 36221817 | 36221817 |
| 7. | 073 | E.E. W.R. W/M Dn- 01 Raipur | 36161541 | 36161541 |
| 8. | 074 | E.E. W/M Dn. No.2 Baloda Bazar | 5757112 | 5607655 |
| 9. | 077 | E.E. W.R. Dn. Mahasamund | 22415963 | 21035277 |
| 10. | 079 | E.E. W.R. Dn. W/M Raipur | 51806225 | 51806225 |
| 11. | 080 | E.E. W.R. Dn. Gariyaband | 2350341 | 2350282 |
| 12. | 081 | E.E. Tandula W.R. Dn. Durg | 1955387 | 1955387 |
| 13. | 083 | E.E W.R. Dn. Bemetara | 2672152 | 2668131 |
| 14. | 084 | E.E W.R. Dn. Rajnandgaon | 8450547 | 7719895 |
| 15. | 085 | E.E. W.R. Dn. Chhuikhadan | 5371507 | 5359666 |
| 16. | 088 | E. E. W.R. Dn. Kanker | 6674603 | 6561056 |
| 17. | 090 | E.E. W.R. Dn. Dantewada | 5610114 | 3814489 |
| 18. | 091 | E.E. T.D.P.P. W.R. Dn. Jagdalpur | 4328295 | 4328295 |
| 19. | 096 | E.E. E/M L/M Tubewell Gate Raipur | 3642922 | 3642922 |

| **Sl. no.** | **Div.** | **Name of Division** | **Balance of 2017-18** | **Balance of 2018-19** |
|---|---|---|---|---|
| 20. | 108 | E.E. W.R. Dn.-01 Ambikapur | - | 1751007 |
| 21. | 112 | E.E. W.R. Dn. Baikunthpur | 5256631 | 5256631 |
| 22. | 153 | E.E. Hasdeo RBC Rampur Korba | 19809658 | 19809658 |
| 23. | 154 | E.E. W.R. Dn. Kondagaon | 10358 | 10358 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24. | 156 | E.E. Hasdeo Canal W/M Dn. Janjgir | 18805674 | 18075618 |
| 25. | 157 | E.E. W.R. Kota Dn. Kota Bilaspur | 20119 | 20119 |
| 26. | 158 | E.E. W/M Dn. Rudri | 40523526 | 40523526 |
| 27. | 159 | E.E. MRP. Dam Dn. Rudri | 3749089 | 3749089 |
| 28. | 161 | E.E. E/M HEM Dn. Rudri | 1663087 | 1663087 |
| 29. | 162 | E.E. MRP Ph-II Works Dn. Raipur | 37120 | 24050 |
| 30. | 164 | E.E. W.R.Dn. Dhamtari | 80521 | 80521 |
| 31. | 167 | E.E.Minimata Machadoli Korba | 3774590 | 3771573 |
| 32. | 170 | E.E. W.R. Dn Janjgir Champa | 143357 | 143357 |
| 33. | 191 | E.E. Sr. Geohydrologist Raipur | - | 60329 |
| 34. | 197 | E.E. Disnet Dn. No. Tilda | 6400070 | 6395594 |
| 35. | 206 | E.E. Mohadipat Proj. Dn. Balod | 2531916 | 2531916 |
| 36. | 218 | E.E. E/M HEM Dn. Bilaspur | 88254 | 88524 |
| 37. | 262 | E.E. W.R. Dn. Korba | 1562329 | 1555929 |
| 38. | 270 | E.E W.R. Const.Dn. Kasdol | 9002620 | 8909675 |
| 39. | 272 | E.E. W.R. Dn. Kawardha | 2397263 | 2391235 |
| 40. | 283 | E.E. E/M W.R. Dn. Raigarh | 280596 | 280596 |
| 41. | 289 | Dy. Director Hyd. Dn.-04 Raipur | - | 36117 |
| 42. | 296 | E.E. Minimata Bango Dn-06 Sakti | 13214609 | 13210407 |
| 43. | 297 | E.E. Minimata Bango Dn-05 Kharsia | 47649642 | 47649642 |
| 44. | 313 | E.E. Dharamjaigarh, Raigarh | 106173 | 105046 |
| **Sl. no.** | **Div.** | **Name of Division** | **Balance of 2017-18** | **Balance of 2018-19** |
| 45. | 333 | E.E. E/M Tubewell Gate Durg | 49659 | 9073 |
| 46. | 335 | E.E. W.R. Dn. Marwahi Bilaspur | 261919 | 261919 |
| 47. | 346 | E.E. W.R. Barrage Dn. Dongargaon | 376140 | 376140 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Total** | **32,52,90,743** | **38,02,77,685** |

**Annexure – B**

**Outstanding Balance of Material Purchase Settlement Suspense Account As on 31.03.2019**

**Form-69**

(Refer to para no- 4)

*(In Rs.)*

| Sl.No. | Div. Cod | Name of Division | Balances of 2017-18 | Balances of 2018-19 |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | e | | | |
| 1. | 068 | E.E. W.R. Dn. Pendra Rd Bilaspur | 687474 | 687474 |
| 2. | 070 | E.E.  W. R. Dn. Raigarh | 4143562 | 4143562 |
| 3. | 072 | E.E.W. R. Dn. JashpurNagar | 2892362 | 2892362 |
| 4. | 074 | E.E. W/M Dn. No.2 Baloda Bazar | 7805797 | 7805797 |
| 5. | 077 | E.E. W.R. Dn. Mahasamund | 8612828 | 8612828 |
| 6. | 079 | E.E.  W.R. Dn. Raipur | 2600963 | 0 |
| 7. | 080 | E.E.  W.R. Dn. Gariyaband | 136720 | 136720 |
| 8. | 083 | E.E  W.R. Dn. Bemetara | 3012409 | 3012409 |
| 9. | 084 | E.E.  W.R. Dn. Rajnandgaon | 4254308 | 4254308 |
| 10. | 085 | E.E.  W.R. Dn. Chhuikhadan | 12107 | 12107 |
| 11. | 088 | E.E.W. R. Dn. Kanker | - | 2610486 |
| 12. | 091 | E.E.W. R. Dn. TDPP Jagdalpur | - | 1945687 |
| 13. | 096 | E.E. E/M Tube Gate Dn. Raipur | 2550640 | 2550640 |
| 14. | 108 | E.E.  W.R.  Dn. No.1 Ambikapur | 7529576 | 561329 |
| 15. | 112 | E.E.  W.R.  Dn. Baikunthpur | 6502308 | 6502308 |
| 16. | 158 | E.E.  W/M  Dn. Rudri | 3185579 | 3185579 |
| 17. | 159 | E.E.  MRP. Dam  Dn. Rudri | 10625614 | 10625614 |
| 18. | 161 | E.E.W. R. Dn. E/M HEM Rudri | - | 5087630 |
| 19. | 164 | E.E. W.R. Dn. Dhamtari | 499890 | 499890 |
| 20. | 197 | E.E. W.R. Dn. MRP Tilda | 259525 | 259525 |
| 21. | 218 | E.E. E/M HEM Dn. Bilaspur | 13703315 | 13703315 |
| 22. | 270 | E.E. W.R. Dn.Kasdol | 271106 | 271106 |
| **Sl.No.** | **Div. Code** | **Name of Division** | **Balances of 2017-18** | **Balances of 2018-19** |
| 23. | 283 | E.E.  E/M  W.R. Dn. Raigarh | 5448216 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24. | 296 | E.E.Minimata Bango Dn.6 Sakti | 2775516 | 2775516 |
| | | **Total** | **8,75,09,815** | **8,21,36,192** |

**Annexure-C**

**LIST OF LATE SUBMITTED MONTHLY ACCOUNTS DURING THE YEAR 2018-19**

(Refer to para 7)

| **Sl. No.** | **Div. Code** | **Name of the Division** | **Month** | **Delay in Days** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 067 | E.E. Kharang WR Dn. Bilaspur | 10/18 | 02 |
| | | | 12/18 | 01 |
| 2 | 070 | E.E. WR Dn. Raigarh | 10/18 | 02 |
| 3 | 072 | E.E. WR Dn. Jashpur Nagar | 05/18 | 08 |
| | | | 06/18 | 06 |
| | | | 07/18 | 04 |
| | | | 08/18 | 09 |
| | | | 09/18 | 02 |
| | | | 10/18 | 18 |
| | | | 11/18 | 02 |
| | | | 12/18 | 07 |
| | | | 01/19 | 01 |
| | | | 02/19 | 17 |
| | | | 03/19 | 05 |
| 4 | 074 | E.E. WM Dn. No- 02 Baloda Bazar | 10/18 | 03 |
| | | | 02/19 | 01 |
| 5 | 077 | E.E. WR Dn Mahasamund | 10/18 | 03 |
| | | | 02/19 | 01 |

| **Sl. No.** | **Div. Code** | **Name of the Division** | **Month** | **Delay in Days** |
|---|---|---|---|---|
| 6 | 079 | E.E. WR Dn. Raipur | 05/18 | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | 06/18 | 01 |
| | | | 08/18 | 01 |
| | | | 10/18 | 01 |
| | | | 11/18 | 01 |
| | | | 01/19 | 01 |
| | | | 02/19 | 01 |
| 7 | 081 | E.E. WR Dn Tandula Durg | 10/18 | 02 |
| 8 | 083 | E.E. WR Dn Bemetera | 11/18 | 03 |
| 9 | 084 | E.E. WR Dn. Rajnandgaon | 10/18 | 04 |
| | | | 02/19 | 01 |
| 10 | 088 | E.E. WR Dn. Kanker | 09/18 | 01 |
| | | | 10/18 | 06 |
| | | | 11/18 | 02 |
| | | | 12/18 | 01 |
| | | | 02/19 | 01 |
| 11 | 090 | E.E. WR Dn. Dantewada | 10/18 | 02 |
| | | | 11/18 | 01 |
| | | | 12/18 | 01 |
| 12 | 091 | E.E. T.D.P.P. WR Dn. Jagdalpur | 05/18 | 01 |
| | | | 10/18 | 08 |
| | | | 11/18 | 01 |
| | | | 03/19 | 02 |

| **Sl. No.** | **Div. Code** | **Name of the Division** | **Month** | **Delay in Days** |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | 108 | E.E. WR Dn.-01 Ambikapur | 04/18 | 01 |
| | | | 05/18 | 04 |
| | | | 07/18 | 06 |
| | | | 08/18 | 04 |
| | | | 09/18 | 02 |
| | | | 11/18 | 01 |
| | | | 12/18 | 04 |
| | | | 01/19 | 05 |
| | | | 02/19 | 08 |
| | | | 03/19 | 03 |
| 14 | 109 | E.E. WR Dn. Ramanujganj | 09/18 | 01 |
| | | | 01/19 | 01 |
| | | | 02/19 | 05 |
| | | | 03/19 | 16 |
| 15 | 111 | E.E. WR Dn. Balrampur | 02/19 | 01 |
| 16 | 112 | E.E. WR Dn. Baikunthpur Koria | 05/18 | 01 |
| | | | 09/18 | 01 |
| | | | 10/18p | 03 |
| | | | 01/19 | 02 |
| 17 | 114 | E.E. WR Dn. Surajpur | 04/18 | 06 |
| | | | 05/18 | 08 |
| | | | 06/18 | 08 |
| | | | 10/18 | 02 |

| **Sl. No.** | **Div. Code** | **Name of the Division** | **Month** | **Delay in Days** |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | 153 | E.E. Hasdeo RBC W/M Rampur Korba | 05/18 | 05 |
| | | | 09/18 | 01 |
| | | | 10/18 | 04 |
| | | | 02/19 | 02 |
| 19 | 154 | E.E. WR Dn. Kondagaon | 09/18 | 01 |
| | | | 10/18 | 04 |
| | | | 11/18 | 01 |
| | | | 01/19 | 03 |
| | | | 02/19 | 02 |
| 20 | 156 | E.E. Hasdeo Canal W/M Dn. Janjgir | 10/18 | 02 |
| | | | 01/19 | 01 |
| 21 | 157 | E.E. WR Dn. Kota Bilaspur | 01/19 | 02 |
| 22 | 158 | E.E. W/M Dn-02 Rudri | 08/18 | 02 |
| | | | 10/18 | 02 |
| 23 | 159 | E.E. WR MRP Dn.02 Rudri | 08/18 | 01 |
| 24 | 161 | E.E. E/M HEM Dn. Rudri | 08/18 | 01 |
| | | | 10/18 | 02 |
| 25 | 164 | E.E. WR Dn. Dhamtari | 06/18 | 07 |
| | | | 08/18 | 02 |
| | | | 10/18 | 06 |
| | | | 03/19 | 06 |

| Sl.No. | Div. | Name of the Division | Month | Delay in Days |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | 166 | E.E. WR Dn. Barrage -02 Champa | 06/18 | 02 |
| | | | 10/18 | 03 |
| | | | 12/18 | 01 |
| | | | 02/19 | 02 |
| 27 | 167 | E.E. Minimata -03 Machadoli Korba | 05/18 | 07 |
| | | | 06/18 | 11 |
| | | | 10/18 | 06 |
| | | | 01/19 | 01 |
| 28 | 170 | E.E. WR Dn. Janjgir Champa | 05/18 | 01 |
| | | | 02/19 | 02 |
| 29 | 197 | E.E. WR Dn. Tilda Raipur | 03/19 | 02 |
| 30 | 289 | Dy. Director Hydro. Dn.-04 Raipur | 10/18 | 03 |
| | | | 01/19 | 01 |
| 31 | 296 | E.E. WR Dn. MBC Dn-06 Sakti | 12/18 | 01 |
| 32 | 313 | E.E. WR Dn Dharamjaigarh | 11/18 | 01 |
| | | | 12/18 | 05 |
| 33 | 333 | E.E. WR E/M Tubewell Gate Durg | 05/18 | 01 |
| | | | 02/19 | 01 |
| | | | 03/19 | 02 |
| 34 | 346 | E.E. WR Barrage Dn. Dongargarh | 05/18 | 01 |

| **Sl.No.** | **Div.** | **Name of the Division** | **Month** | **Delay in Days** |
|---|---|---|---|---|
| 35 | 351 | E.E. WR Dn. Thermal Proj. Ambikapur | 05/18 | 02 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | 10/18 | 02 |
| 36 | 353 | E.E. WR Dn.-01 Kharsiya Raigarh | 02/19 | 02 |
| 37 | 354 | E.E. WR Dn. Sukma | 04/18 | 01 |
| | | | 09/18 | 01 |
| | | | 10/18 | 02 |
| | | | | |

**Annexure-D**

**LIST OF DIVISIONS FROM WHERE “FORM 51” IS AWAITED**

**As on 31.03.2019**

(Refer to para 9)

| Sl.No. | Div. Code | Name of Division | Months | Pending Months |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **073** | E.E.WR Dn.WM Raipur No-01 | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 2. | **074** | E.E. WR Dn.-02 W/M Baloda Bazar | 03/19 | 01 |
| 3. | **077** | E.E. WR Dn. Mahasamund | 03/19 | 01 |
| 4. | **079** | E.E. WR Dn. Raipur | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 5. | **080** | E.E. WR Dn. Gariyaband | 01/19 to 03/19 | 03 |
| 6. | **090** | E.E. WR Dn. Dantewada | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 7. | **091** | E.E. TDPP WR Dn. Jagdalpur | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 8. | **108** | E.E. WR Dn-01 Ambikapur | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 9. | **109** | E.E. WR Dn. Ramanujganj | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 10. | **111** | E.E. WR Dn. Balrampur | 01/19 to 03/19 | 03 |
| 11. | **153** | E.E. Hasdeo RBC W/M Rampur Korba | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 12. | **154** | E.E. WR Dn. Kondagaon | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 13. | **157** | E.E. WR Dn. Kota Bilaspur | 03/19 | 01 |
| 14. | **158** | E.E. WR Dn. W/M Rudri | 10/18 to 03/19 | 06 |
| 15. | **159** | E.E. WR Dn. MRP Dam Rudri | 03/19 | 01 |
| 16. | **161** | E.E. E/M HEM WR Dn. Rudri | 07/18 to 03/19 | 09 |
| 17. | **162** | E.E. MRP PH-II Works Dn. Raipur | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 18. | **167** | E.E. WR MMB Machadoli Korba | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 19. | **197** | E.E. WR Dn. Disnet Dn. Tilda | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 20. | **206** | E.E. WR Dn. Balod | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 21. | **218** | E.E. E/M HEM Dn. Bilaspur | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 22. | **262** | E.E. WR Dn. Korba | 03/19 | 01 |
| 23. | **270** | E.E. WR Const Dn.Kasdol | 03/19 | 01 |
| 24. | **296** | E.E. WR Dn. Minimata Bango Sakti | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 25. | **297** | E.E. WR Dn.-05 Kharsia | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 26. | **313** | E.E. WR Dn. Dharamjaigarh | 02/19 to 03/19 | 02 |
| 27. | **333** | E.E.E/ML/M Tubewell Gate Durg | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 28. | **350** | E.E. W.R. Dn. Bijapur | 04/18 to 03/19 | 12 |
| 29. | **351** | E.E. WR Dn. Proj. Thermal Ambikapur | 05/18 to 03/19 | 11 |
| 30. | **353** | E.E. WR Dn.-01 Kharsiya Raigarh | 04/18 to 03/19 | 12 |

**Annexure-E I**

**DIVISION WISE LIST OF NET UNADJUSTED AMOUNT OF FORM-51**
**AS ON 31.03.19**

(Refer to para-9)

| Sr. No. | DIVISION NAME | Div. No. | Amount remitted by Division but not acknowledged by Treasury | Amount Acknowledged by Treasury but not remitted by Division | Amount remitted by Division but not acknowledged by Treasury | Amount Acknowledged by Treasury but not remitted by Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2017-18 | | 2018-19 | |
| 1. | E.E. E/M Gate Bilaspur | 059 | - | - | 0 | 0 |
| 2. | E.E. Kharang Bilaspur | 067 | 0 | 0 | 1174921 | 118665 |
| 3. | E.E. Pendra Rd. Bilaspur | 068 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | E.E. Mungeli | 069 | - | - | 0 | 0 |
| 5. | E.E. Raigarh | 070 | - | - | 37476589 | 3297864 |
| 6. | E.E.W/M Dn-2 Baloda Bazar | 074 | 134123 | 0 | - | - |
| 7. | E.E. Tandula | 081 | - | - | 513000 | 0 |
| 8. | E.E. Bemetara | 083 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | E.E.Rajnndgaon | 084 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10. | E.E.Chuuikhadan Rajnandgaon | 085 | 0 | 0 | 2942997 | 32390 |
| 11. | E.E. Kanker | 088 | 77235 | 0 | 133764 | 3600 |
| 12. | E.E. Gate Raipur | 096 | - | - | 30040 | 0 |
| 13. | E.E. Dn.-01 Ambikapur | 108 | 22591 | 10028000 | - | - |
| 14. | E.E. Balrampur | 111 | 0 | 0 | - | - |
| 15. | E.E. Korea | 112 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16. | E.E. Kondagaon | 154 | 0 | 0 | - | - |
| 17. | E.E. WM Janjgir | 156 | - | - | 49210 | 15757 |
| 18. | E.E. Kota Bilaspur | 157 | 55239 | 0 | - | - |
| 19. | E.E. W/M Dn. Rudri | 158 | 0 | 0 | - | - |
| 20. | E.E. MRP Dam Dn. Rudri | 159 | 0 | 0 | - | - |
| 21. | E.E. Dhamtari | 164 | - | - | 0 | 0 |
| 22. | E.E. Champa | 170 | - | - | 116850 | 168 |
| 23. | EE Hydro Raipur | 191 | - | - | 6900 | 0 |

| Sr. No. | DIVISION NAME | Div. No. | Amount remitted by Division but not acknowledged by Treasury | Amount Acknowledged by Treasury but not remitted by Division | Amount remitted by Division but not acknowledged by Treasury | Amount Acknowledged by Treasury but not remitted by Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2017-18 | | 2018-19 | |
| 24. | E.E. E/M HEM Raipur | 217 | 250 | 27543 | 2500 | 0 |
| 25. | E.E. Soil Testing Lab Raipur | 257 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26. | E.E. Korba | 262 | 1518 | 0 | | |
| 27. | E.E. Kawardha | 272 | - | - | 54720 | 0 |
| 28. | E.E. E/M Raigarh | 283 | - | - | 0 | 0 |
| 29. | E.E. Minimata Bango Sakti | 296 | 399026 | 0 | - | - |
| 30. | E.E. No-05 Kharsia | 297 | 33844 | 763647 | - | - |
| 31 | E.E.Dhramjaigar Raigarh | 313 | 0 | 0 | - | - |
| 32 | E.E. Marwahi Bilaspur | 335 | - | - | 0 | 0 |
| 33 | E.E.Dongargaon | 346 | - | - | 0 | 0 |
| 34 | E.E. Kelo Raigarh | 347 | - | - | 0 | 0 |
| 35 | E.E. CADA Raipur | 348 | - | - | 0 | 0 |
| 36 | E.E. Narayanpur | 349 | - | - | 0 | 0 |
| 37 | E.E.Thermal Proj Ambikapur | 351 | 819198 | 0 | - | - |
| 38 | E.E. Dn-01 Kharsiya | 353 | - | - | 0 | 0 |
| 39 | E.E. Sukma | 354 | - | - | 0 | 0 |
| **TOTAL** | | | **1132744620** | **502207088** | **42501491** | **3468444** |

## Annexure-E II

## DIVISION WISE LIST OF NET UNADJUSTED AMOUNT OF FORM-51 AS ON 31.03.19

(Refer to para-9)

s)

| Sr. No. | DIVISION NAME | Div. No. | Cheque issued by Division but not cleared at Treasury | Amount paid by Treasury but cheque not issued by Division | Cheque issued by Division but not cleared at Treasury | Amount paid by Treasury but cheque not issued by Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2017-18 | | 2018-19 | |
| 1. | E.E. E/M Gate Bilaspur | 059 | - | - | 13125 | 0 |
| 2. | E.E. Kharang Bilaspur | 067 | 62902 | 0 | 544220 | 0 |
| 3. | E.E. Pendra Rd. Bilaspur | 068 | 90397 | 0 | 279086 | 3113214 |
| 4. | E.E. Mungeli | 069 | - | - | 24591 | 0 |
| 5. | E.E. Raigarh | 070 | - | - | 16684 | 0 |
| 6. | E.E.W/M Dn-2 Baloda Bazar | 074 | 4330 | 0 | - | - |
| 7. | E.E. Tandula | 081 | - | - | 6149 | 0 |
| 8. | E.E. Bemetara | 083 | 11400 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | E.E.Rajnandgaon | 084 | 281180 | 0 | 57630 | 0 |
| 10. | E.E.Chuuikhadan Rajnandgaon | 085 | 0 | 0 | 10753 | 0 |
| 11. | E.E. Kanker | 088 | 53005 | 0 | 34927 | 0 |
| 12. | E.E. Gate Raipur | 096 | - | - | 2822889 | 133477 |
| 13. | E.E. Dn.-01 Ambikapur | 108 | 331843 | 0 | - | - |
| 14. | E.E. Balrampur | 111 | 0 | 0 | - | - |
| 15. | E.E. Korea | 112 | 23007 | 0 | 12800 | 0 |
| 16. | E.E. Kondagaon | 154 | 0 | 0 | | |
| 17. | E.E. WM Janjgir | 156 | - | - | 547861 | 8653 |
| 18. | E.E. Kota Bilaspur | 157 | 828195 | 0 | - | - |
| 19. | E.E. W/M Dn. Rudri | 158 | 0 | 0 | - | - |
| 20. | E.E. MRP Dam Dn. Rudri | 159 | 0 | 0 | - | - |
| 21. | E.E. Dhamtari | 164 | - | - | 94069 | 0 |
| 22. | E.E. Champa | 170 | - | - | 79994 | 68995 |
| 23. | E E Hydro Raipur | 191 | - | - | 35893 | 0 |

| Sr. No. | DIVISION NAME | Div. No. | Cheque issued by Division but not cleared at Treasury | Amount paid by Treasury but cheque not issued by Division | Cheque issued by Division but not cleared at Treasury | Amount paid by Treasury but cheque not issued by Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **2017-18** | | **2018-19** | |
| 24. | E.E. E/M HEM Raipur | 217 | 9000 | 0 | 11729 | 0 |
| 25. | E.E. Soil Testing Lab Raipur | 257 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26. | E.E. Korba | 262 | 1000000 | 0 | - | - |
| 27. | E.E. Kawardha | 272 | - | - | 4158 | 0 |
| 28. | E.E. E/M Raigarh | 283 | - | - | 0 | 0 |
| 29. | E.E. Minimata Bango Sakti | 296 | 4162224 | 0 | - | - |
| 30. | E.E. No-05 Kharsia | 297 | 1187190 | 0 | - | - |
| 31 | E.E.Dhramjaigar Raigarh | 313 | 0 | 0 | - | - |
| 32 | E.E. Marwahi Bilaspur | 335 | - | - | 0 | 0 |
| 33 | E.E.Dongargaon | 346 | - | - | 38900 | 0 |
| 34 | E.E. Kelo Raigarh | 347 | - | - | 1818004 | 0 |
| 35 | E.E. CADA Raipur | 348 | - | - | 19989 | 0 |
| 36 | E.E. Narayanpur | 349 | - | - | 665483 | 0 |
| 37 | E.E.Thermal Proj Ambikapur | 351 | 206171 | 0 | - | - |
| 38 | E.E. Dn-01 Kharsiya | 353 | - | - | 57983 | 0 |
| 39 | E.E. Sukma | 354 | - | - | 2101687 | 0 |
| **TOTAL** | | | **8250844** | **0** | **9298604** | **0** |

टीप: : जिस संभाग से जानकारी प्राप्त नहीं हुई है उसे सम्मिलित नहीं किया गया है।

**Annexure-F**

**Statement-I**

**Common types of irregularities noticed in Central Audit on Works Divisions (WRD)**

| क्रं सं. | कार्यालय का नाम | आपत्ति का संक्षिप्त सार | राशि | जा. क्र व दि. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग-01, अम्बिकापुर | प्रमाणक एवं देयक में व्यय का पूर्ण विवरण नही होने के कारण राशि का अनियमित भुगतान | रु 11063886 | 09/30.07.2018 उत्तर अपेक्षित है। |